# कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण करने का प्रण लिया

**भीनमाल**, (निसं)। जालोर जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी की 78 वीं जयंती भीनमाल के कांग्रेसजनो ने सादगी से पुष्पांजलि अर्पित कर एवं मालवीय नगर स्थित सार्वजनिक पार्क में छायादार, ओषधि के पौधे लगाकर मनाई।

सेवादल जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई के नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल कार्यालय पर कांग्रेस जनों की उपस्थिति में फूलो की माला एवम पुष्प चढ़ा कर भारत रत्न स्वर्गीय गांधी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई ने कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक थे, जिन्होंने देश में कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति की शुरुआत की, जिसकी बदौलत आज हमारा भारत देश विश्व में विकसित देशों की श्रेणी में जाना जाता है, जिसका श्रेय भारत रत्न राजीव गांधी को जाता है। स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33 फीसदी रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने किया और स्व. गांधी ने मानव सेवा को प्राथमिकता दी।

पश्चिमी राजस्थान में इन्दीरा गांधी नहर परियोजना कांग्रेस पार्टी व स्वर्गीय राजीव गांधी की विकासशील सोच की देन है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 50 करोड की बजट राशि भीनमाल शहर में पेयजल आपूर्ति सुधार हेतु दी है, उसके लिए आभार प्रकट किया। युवाओं के लिए मतदान की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवा कर युवाओं को देश की सरकार चुनने का अधिकार दिलाया, अन्त में जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई ने सभी कांग्रेस जनों से भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के पद चिन्हों पर चलने का आव्हान किया।

पुष्पांजलि कार्यक्रम के उपरांत सभी कांग्रेस जनों द्वारा जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई के नेतृत्व में भारत रत्न राजीव गांधी की याद में सेवादल का हर योद्धा लगाएगा पौधा अभियान की शुरुआत मालवीय नगर स्थित सार्वजनिक पार्क में छायादार व औषधीय पौधे लगा कर की गई।

जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई ने सभी कांग्रेस जनों से आव्हान किया की प्रकृति को बचाने के लिए कांग्रेस सेवादल संगठन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई, संतोष मालवीय, रुपाराम मेघवाल, जैसाराम मेघवाल, दिनेश माली, भंवर माली, श्रवण बंजारा, जीवन सिंह रावणा, राजु सिंह रावणा, भवरसिह रावणा, रमजान खान, भुरा भाई, दिपक सरगरा, राकेश सरगरा, प्रकाश शर्मा, किशन शर्मा, जगदीश जाणी सहीत कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जालोर महिला कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने गई। फोटो-राष्ट्रदूत

## महिला कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली में

**जालोर**, (कासं)। जालोर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोभा सुन्देशा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ता शुक्रवार रात्रि को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने रवाना हुई। दिल्ली में स्व. राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित महिला राजनैतिक सशक्तिकरण दिवस के कार्यक्रम में भाग लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर शहर के रेलवे स्टेशन से शुक्रवार रात्रि को ट्रेन से महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शोभा सुन्देशा के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार सुबह दिल्ली पहुंचकर महिला राजनैतिक सशक्तिकरण दिवस कार्यक्रम में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व किया।

कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने से महिला शिक्षा, पार्टी में महिला की भूमिका को लेकर अपनी बात रखी।

सुन्देशा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक थे, जिन्होंने देश में कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति की शुरुआत की, जिसकी बदौलत आज हमारा भारत देश विश्व में विकसित देशों की श्रेणी में जाना जाता है, जिसका पूरा श्रेय भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी को जाता है।

इस दौरान जालोर महिला कांग्रेस ब्लांक अध्यक्ष रशीदा जोया, पार्वती जीनगर, गोमती मेघवाल, महासचिव चम्पा रांगी, पूर्व जिला महामंत्री अंजू , सरपंच बब्बी देवी , सजन कंवर, ब्लॉक सचिव देसु देवी उपस्थित रही।

जिला कांग्रेस कमेटी ने स्व. राजीव गांधी जी की 78 वी जयंती को सदभावना- दिवस के रूप में एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर राजीव गांधी भवन जालोर में कार्यक्रम आयोजित किया।

सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने स्व. राजीव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवम दो मिनिट का मौन धारण कर उन्हें याद किया व उनके बताए गए मार्गो एवं आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल, आहोर के सवाराम पटेल, जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत, पूर्व प्रधान भंवरलाल मेघवाल, जिला सचिव सरोज चौधरी, पूर्व सेवादल जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र जोशी, पार्षद राजेन्द्र सोलंकी, मिश्रीमल गहलोत, लक्ष्मण सिंह सांखला,बसन्त सुथार, मनोनीत पार्षद सुरेश मेघवाल, महिला जिला उपाध्यक्ष ममता माली, युकां विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दवे, पूर्व पार्षद देवाराम सांखला, जोगाराम सरगरा, ओमप्रकाश चौधरी, कपुराराम परिहार, पुखराज माली, सुमेरमल जीनगर,प्रकाश परमार सहित कांग्रेसजन मौजूद थे।

## 'प्रशासन शहरों के संग का लाभ लें'

**पोकरण**, (निसं)। उपनिवेशन विभाग मंत्री सालेह मोहम्मद शनिवार को पोकरण के दौरे पर रहे।

नगर पालिका द्वारा आयोजित पट्टा वितरण कार्यक्रम में शिरकत कर पट्टे वितरित किए। वही मंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन के अभाव अभियोग सुने एवं

**■ सरकार आमजन को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है**

संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में सक्रिय रह कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राजेश विश्नोई पालिका अधिशासी अधिकारी तनुजा सोलंकी पार्षद नारायणरंगा मांगीलाल गहलोत कांग्रेसी युवा नेता पूर्व पार्षद विजय व्यास सहित कई लोग उपस्थित रहे पालिका सभागार में पट्टे वितरित करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार आमजन को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े कार्यो को त्वरित गति से करें। सरकार आमजन से जुड़े कार्यो को समय पर कराने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पट्टे से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से कराएं। मंत्री ने जनसुनवाई में कहा कि जन समस्याओं के निवारण को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। मुख्यमंत्री स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करते हैं। पीसीसी सहित ग्राम पंचायत स्तर तक तौर पर जनसुनवाई की कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं।

नियमित जनसुनवाई की जाती है। वे स्वयं अपने आवास एवं क्षेत्र के दौरे पर आमजन के अभाव अभियोग सुनते हैंसंबंधित अधिकारियों को टेलीफोन पर निर्देश देकर निस्तारण करवाते हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने पोकरण नगर पालिका मे जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। पानी, बिजली, स्वास्थ, शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग से जुडी परिवेदनाएं प्राप्त हुई।

# आदर्श सोसायटी का सामान लेने आई टीम को सुनाई खरी खोटी

**सायला**, (निसं)। सायला उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी की बन्द शाखा को खाली करने आई टीम को शनिवार को निवेशकों व एजेंटों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान निवेशक शाखा के मुख्य गेट पर ही धरने पर बैठ गए।

हॉस्पिटल रोड पर स्थित आदर्श क्रेडीट को-ऑपरेटिव सोसायटी शाखा सायला में भारी अनियमितताओं के बाद से करीब चार वर्षो से शाखा बंद पड़ी है। लेकिन शनिवार दोपहर को आदर्श सोसायटी से नियुक्त किरण सोनगरा जालोर व एक एजेंट अचानक शाखा को खाली करके समान ले जाने के लिए आ गए। जिसकी जानकारी निवेशकों व एजेंटों को मिली तो सभी धीरे धीरे शाखा के आगे जमा हो जाने लगे।

सभी लोग किरण सोनगरा से जमा राशि को दिलाने के बाद ही सामान ले जाने की बात कहने लगे। अन्यथा ताला नही खोलने देने की बात कही। जिस पर सोनगरा ने कहा कि काफी समय से आप सब्र कर रहे हो तो कुछ समय और रुक जाओ ताकि इसमें से दस्तावेज आगे पेश कर राशि दिलाने की कार्यवाही की जा सके, लेकिन निवेशक व एजेंट जमा राशि दिलाने की मांग पर अडे रहे।

इस दौरान एक बारगी तो माहौल गर्मा गया तथा लोग नारेबाजी करने लगे। वही निवेशक कहने लगे कि हमने काफी मेहनत से पैसा कमाकर भविष्य के लिए जमा करवाया था। ताकि आवश्यकता के समय काम आएगा, लेकिन सोसायटी परिवार की नीतियों के कारण पैसों के लिए मोहताज होने को मजबूर है। बाद में ग्रामीणों के आक्रोश के बाद किरण सोनगरा चली गई।

वही ग्रामीणों ने पुलिस थाने जाकर मामले की जानकारी दी। इस संबंध में एसडीएम सूरजभान विश्नोई ने किरण सोनगरा को जिला कलेक्टर से आदेश लाने की बात कही।

इस दौरान अशोक अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्णसिंह, तरुण त्रिवेदी, अक्षय त्रिवेदी, दलपत घांची, धर्मेश कानेकर, अम्बालाल छीपा सहित निवेशक व एजेंट मौजूद थे।

## हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौत

**पाली** , (नि.सं.)। रामदेवरा (जैसलमेर) दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

हादसा शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे पाली जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज-सिरोही हाईवे (बाईपास) पर हुआ। ट्रॉली में 20 से 25 लोग सवार थे। ट्रॉली सिरोही की तरफ जा रही थी। बताया जा रहा है कि सामने से रॉन्ग साइड से दो ट्रेलर आ रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि ट्रॉली में सवार सभी श्रद्धालु उछलकर सड़क पर जा गिरे। अभी तक 4 श्रद्धालुओं की मौत की सूचना है।

सीओ सुमेरपुर रजत विश्नोई, थाना प्रभारी सुमेरपुर रामेश्वर भाटी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को शिवगंज (सिरोही) और सुमेरपुर (पाली) सीएचसी में एडमिट कराया।

सभी श्रद्धालु गुजरात के बनासकांठा जिले के हैं। अधिकतर कुकड़ी गांव के हैं। हादसे की सूचना के बाद सिरोही कलेक्टर डॉ. भंवर लाल व एसपी ममता गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। पाली कलेक्टर नमित मेहता और एसपी डॉ. गगनदीप सिंघला ने भी घटना की जानकारी जुटाई।

# वृक्ष हमारे जीवन के अमूल्य अंग हैं : गजेंद्र कुमार



सिवाना के राजकीय चिकित्सालय के बगीचे में पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**सिवाना**, (निसं)। बाड़मेर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवाना पर शनिवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार ने अस्पताल परिसर सिवाना के बगीचे में पौधारोपण किया।

इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सरकारी परिसरों पर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने एवं आमजन से पौधारोपण कर धरती को हरा भरा बनाने का आव्हान किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा की वृक्ष हमारे जीवन के अमूल्य अंग है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। अधिक से अधिक संख्या में आमजन पौधारोपण करें। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अस्पताल की समस्याओं को लेकर अवगत करवाया। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की। जिस पर अधिकारियों द्वारा जल्द ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया गया।

इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉक्टर देवराज कडवासरा के साथ एपीपी जितेंद्रसिंह शेखावत, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खीमाराम आकबल, एडवोकेट लादाराम परमार, दिलीपसिंह भाटी, महेंद्र कुमार, थानसिंह,बलवंतसिंह, सहित सिवाना अस्पताल के वरिष्ठ नर्सिंगकर्मी रोशनलाल माथुर, खंगारदान राव, राजूसिंह राव, अंदाराम चौधरी, एएनएम मूमल खेतानी, काउंसलर खीमाराम, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन चेनाराम भाटी, कुंदनमल जीनगर सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## ए.बी.वी.पी.की सदस्यता ली

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय पिण्डवाड़ा के छात्र संघ चुनाव से पहले एनएसयूआई पदाधिकारियों ने एबीवीपी की सदस्यता ग्रहण की गई। प्राप्त जानकारी के

**■ स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत की**

अनुसारएन एस यूआईके महासचिव प्रत्याशी संजय बंजारा ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्व प्रांत संयोजक सुरेंद्र सिंह राठौड़ की प्रेरणा से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को एबीवीपी की सदस्यता ग्रहण कराई। एबीवीपी के राठौड व नगर अध्यक्ष हनुमान प्रसाद ने इकाई महासचिव पूनम कुमार, दशरथ मेघवाल, इकाई सचिव हिमांशु कुमार पीराराम देवासी, ओम प्रजापत, गोविंद मेवाडा, वदन देवासी रोनक प्रजापत सहित अन्य पदाधिकारियों ने एनएसयूआई के पद से इस्तीफा देकर एबीवीपी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राठौड ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बडा छात्र संगठन है जो राष्ट्रवादी विचारधारा का निर्माण करता है। भारत को विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य और एबीवीपी की विचारधारा से प्रभावित होकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं न इस्तीफा देकर एबीवीपी ज्वाइन की है। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर वागेंद्र देवासी विक्रम सिंह डाबी, योगेश रावल, संजय पुरी, विक्रम रावल सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गाइड प्रशिक्षण परीक्षा आज

**जोधपुर**, (कासं) । पर्यटन विभाग द्वारा गाइड प्रशिक्षण पाठ्यक्रम परीक्षा का आयोजन 21 अगस्त को राज्य के 14 परीक्षा केन्द्रो पर किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक डॉ. सरिता फिडौदा ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से राज्य को स्थानीय स्तर के 5 हजार पर्यटक गाइड एवं राज्य स्तर के एक हजार गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयनित किए जायेंगे।

उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर गाइड परीक्षा का आयोजन प्रात: 9:30 बजे से 11 बजे तक एवं राज्य स्तरीय गाइड परीक्षा का आयोजन अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे तक किया जायेगा।

# मधुमेह ,उच्च रक्तचाप की जांच की

**जालोर**, (निसं)। जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग जालोर के संयुक्त तत्वावधान में एनसीडी क्लीनिक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जालोर की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय

**■ मरीजों के बीपी, शुगर की जांच कर परामर्श दिया**

मधुमेह एव हृदय रोग ,पक्षाघात बचाव नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गोडिजी मंदिर के पास एनसीडी क्लीनिक आउटरीच चिकित्सा शिविर का आयोजन कर मरीजों के बीपी शुगर की जांच कर परामर्श दिया शिविर में कुल दस०मरीजों की बीपी शुगर की जांच कर परामर्श दिया गया।

शिविर में उच्च रक्तचाप के पांच व मधुमेह के 17 रोगी पाए गए जिन्हें जिला चिकित्सालय फिजिशियन के पास रेफर किया गया।

मरीजों को उच्च रक्तचाप और मधुमेह के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

शिविर में तीस वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों की मधुमेह उच्च




जालोर के गोडीजी में चिकित्सा विभाग ने एन.सी.डी. शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

रक्तचाप की जांच की गई।

शिविर में सामान्य चिकित्सालय जालोर से डॉ. गौरव सिहाग, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ,जीएनएमटीसी जालोर के प्रशिक्षणार्थी यशवंत सिंह सनी नारायण,मांगीलाल जोशी, देवी ने अपनी सेवाएं देकर मरीजों को लाभान्वित किया।

शिविर में मुकेश माहेश्वरी, लूणकरण टांक, मुनोवर अली, दलीचंद जीनगर, कांतिलाल हीरागर ,बंशीलाल प्रजापत, इंसाफ अली ,चतराराम गर्ग, रमेश लोहार , हीराचंद, जबर सिंह देवडा ने योगदान दिया।

## आहोर में सांसद हनुमान बेनीवाल का स्वागत

**आहोर**, (निसं)। सांसद हनुमान बेनीवाल के शनिवार को जालोर जाते समय आहोर क्षेत्र में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

बेनीवाल का भाद्राजून, जोड चौराहे तथा भैंसवाड में साफा व मालाऐं पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान सांसद बेनीवाल ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार में कानून व्यवस्था एकदम चौपट हो गई है। दलितों व महिलाओं के साथ अत्याचारों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। देश में सुराणा गांव की घटना झकझोर करने वाली है। आजादी के 75 साल बाद भी जाति के नाम पर छुआछूत जैसी घिनौनी परंपरा आज भी राजस्थान में मौजूद है। ऐसी कुरीति को जड़ से उखाड़ फेंकना हम सभी का कर्तव्य है।

इस बीच शंखवाली गांव में दो साल पहले लक्ष्मण मीणा की हत्या का अभी तक खुलासा नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने बेनीवाल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने की मांग की।

इस मौके किसान नेता प्रताप आंजना सहित कई लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### कांस्टेबल को बहाल करने की मांग

**रानी**, (निसं)। श्री राजपूत सेवा समिति रानी की ओर से जालोर जिले के सुराणा प्रकरण की निष्पक्ष जांच रोकने व निर्दोष कांस्टेबल का निलंबन बहाल करने की मांग को लेकर के मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह को ज्ञापन दिया गया। सेवा समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह कुम्पावत ने बताया कि जालोर जिले के सुराणा गांव में इंद्र मेघवाल के दुर्भाग्यवश मृत्यु पर राजपूत समाज गहरा दुख प्रकट करता है लेकिन प्रकरण को लेकर के अनेक संगठन व राजनीतिक दल झूठे द्वेषपूर्ण कारको को माध्यम बनाकर समाज में दूरियां बढाने वाली गंदी राजनीति कर समाज में अनावश्यक विभाजन की लकीरें खींच रहे हैं राजपूत समाज एक सामाजिक समरसता का संदेश देने वाले महान पूर्वजों की परम्परा निभाने वाला समाज हैं और उस समाज में जन्म लेने वाला ऐसी घिनौनी हरकत नहीं कर सकता हमारा समाज मुख्यमंत्री से मांग करता हैं कि जातिद्वेषता फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर कडी कार्यवाही करें व प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर निर्दोष कांस्टेबल थान सिंह का निलंबन बहाल करें। इस अवसर पर हीर सिंह लौटता सज्जन सिंह,महिपाल सिंह, हनुवन्त सिंह, महिपाल सिंह खोड, माधु सिंह ,नरपत सिंह गुडा, ओमकार सिंह, महेंद्र सिंह महेचा, भंवर सिंह कुंपावत ,अजय पाल सिंह विक्रम सिंह भीमसिंह गुडा पृथ्वीराज, हडमत सिंह जेतपुरा, सुगन सिंह , गिरधारी सिंह, योगेश सिंह राठौड ,महावीर सिंह ऐलानी, अजय पाल सिंह गुडा ठाकुर जी आदि राजपूत समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### योजनाओं का लाभ देने की मांग की

**रानी**, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आमजन को बराबर नहीं मिलने का कारण बताते हुए वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता इंदरसिंह राजपुरोहित निम्बाडा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कांग्रेस जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई । उन्होंने सरकार द्वारा जन हित मे किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि जिला व ब्लॉक स्तरीय नेता गांवों में जाकर कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर उनके साथ बैठकें लेकर उन्हें मार्गदर्शन करते तो कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार होता जिससे आम आदमी योजनाओं का लाभ लेता।उन्होंने उन जिला व ब्लॉक स्तर के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य स्तरीय नेता या मंत्रियों के आने पर उनके दौरे के समय स्वागत करने व उनके दांत फोटो खिंचवाने के लिए व शोसियल मीडिया व वाट्सएप तक सीमित रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा की धरातल पर डिजीटल सदस्यता अभियान व सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने वाले कार्यकर्ताओं को हासिये पर रखा जाता है । उन्होंने मुख्य मंत्री से मांग की है कि जिला व ब्लॉक लेवल के नेताओं को गांवों में भेज कर जनता के बीच कार्य करने के लिए पाबन्द करें।

### सुराणा प्रकरण में न्याय दिलाने की गुहार

**रानी**, (निसं)। जालोर के गांव सुराणा सायला में मासूम इंद्र मेघवाल की हत्या को लेकर उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए मारवाड जंक्शन विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जसाराम राठौड ने मुख्य मंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने इंद्र मेघवाल की मृत्यु को दुखद बताते हुए मृतक के परिवार को उचित मुआवजा राशि दिलाने एवं घटना के संदर्भ में कठोर कदम उठाने की मांग की ।उन्होंने पत्र में मांग की है कि उक्त घटना के सम्बंध में राजीनामे का दबाव बनाने वालों एवं इस घटना को दबाब वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं गवाहों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। जे के राठौड ने मुख्यमंत्री से मुआवजा राशि 5 लाख के बजाय 50लाख देने की मांग की है।

### पेंशनर समाज उपशाखा सायला के चुनाव

**सायला**, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा सायला के चुनाव शनिवार को जिलाध्यक्ष धनराज दवे, चुनाव प्रभारी प्रेमसिंह, कोषाध्यक्ष मधुश्याम एवं सचिव बद्रीप्रसाद की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। चुनाव में खंगाराराम जीनगर को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जबकि संरक्षक लक्ष्मीनारायण खत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शांतिलाल दवे, उपाध्यक्ष फूसाराम पारंगी, कोषाध्यक्ष मुन्नीलाल दवे, सचिव घेवरचंद राठौड़, सहसचिव हबताराम मेघवाल, सलाहकार भंवरसिंह देवड़ा, संगठन मंत्री फतेहसिंह चंपावत, प्रचार मंत्री छोगाराम चौधरी, खेलमंत्री हनुमानसिंह, सदस्य पहाड़सिंह, राजेश जैन, जगाराम माली, घनश्याम जीनगर, सकाराम, डूंगाराम गर्ग, उम्मेदसिंह को नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई।

### एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी

**सायला**, (निसं)। सायला क्षेत्र के मेंगलवा निवासी एक गर्भवती महिला को शनिवार को एम्बुलेंस से हॉस्पिटल रेफर करते समय तीव्र प्रसव पीड़ा होने पर नर्स की सूझबूझ से एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करवाया गया। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुनंदन बिश्नोई ने बताया कि शनिवार प्रात: करीब साढ़े दस बजे एम्बुलेंस 108 के स्टाफ के पास इमरजेंसी कॉल आया तथा बताया कि मेंगलवा में एक गर्भवती महिला भाटा देवी पत्नी जगदीश मेघवाल को पूर्ण प्रसव पीड़ा है और किसी भी समय प्रसव हो सकता है। इस आपातकालीन स्थिति में बिना समय गंवाए एम्बुलेंस पायलट राकेश कुमार यथाशीघ्र मेंगलवा पहुंचे तथा गर्भवती महिला को एम्बुलेंस में सवार कर हॉस्पिटल रेफर करने के लिए रवाना हुए। लेकिन बीच रास्ते मे गर्भवती महिला को तीव्र प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस में कार्यरत नर्स स्टाफ नवरतन मेवाड़ा ने अपनी सूझबूझ से महिला का सुरक्षित प्रसव करवाया। इसके बाद महिला एवं नवजात शिशु को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायला में भर्ती करवाया गया। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ है।

### गायों का उपचार किया

**रानी**, (निसं)। रानी उपखण्ड क्षेत्र में पशुओं में फैली बीमारी की रोकथाम एवं इलाज के लिए उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह के निर्देशन में पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ जगदीश रावल के नेतृत्व में उपखण्ड स्तर पर पशु चिकित्सालय की टीम जिनमे सभी कम्पाउंडर सहित स्टाफ तत्परता से कार्य कर रहा है। उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि 20 अगस्त तक लम्पी बीमारी के 17263 पशुओं का सर्वे किया। 19 अगस्त को 1031 का सर्वे किया। लम्पि पॉजिटिव कुल 1335 आये 32० पशु रिकवर हुए व 68 पशुओं की मृत्यु हुई।

### मतदाताओं के लिए विशेष शिविर

**रानी**, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में मतदाताओं के विवरण के प्रमाणीकरण के लिए स्वैच्छिक आधार पर मतदाताओं से आधार डाटा या अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों के साथ फार्म 6 बी भरने के लिए जिले में प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे। उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह ने बताया कि रानी उपखण्ड में 21 अगस्त एवं 18 सितम्बर रविवार , 9 एवं 16 अक्टूबर रविवार , 13 एवं 27 नवम्बर रविवार, 11 एवं 25 दिसम्बर रविवार को विशेष शिविर प्रत्येक मतदान केंद्र पर आयोजित किये जायेंगे।

### आयुर्वेद औषधालय का निरीक्षण

**रानी**, (निसं)। रानी के पास गांव बिजोवा के आयुर्वेदिक औषधालय का निरीक्षण सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग पाली डॉ बजरंगलाल शर्मा ने आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के तहत हुए निर्माण कार्य तथा औषधालय की नियमित गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार व प्रसार को बढावा देने हेतु औषधालय स्टाफ को मार्ग दर्शित किया। इस अवसर पर डॉ विजयपाल सिंह राणावत , कम्पाउंडर नारायणलाल प्रजापत , सहायक अभियंता सुखराम विश्नोई , ठेकेदार भवानीसिंह एवं भोलाराम चौधरी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### युवक ने इहलीला समाप्त की

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण शहर के जोधपुर रोड स्थित जलदाय विभाग के पास युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। पुलिस सुत्रो से मिलरही जानकारी के अनुसार वहां से गुजर रहे लोगों में पुलिस को बताया कि मृतक पेड़ से युवक ने फांसी लगाकर लटक रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से सम्पर्क कर किया। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार मृतक गंगाराम पुत्र डूंगरराम मेघवाल निवासी पांचला खुर्द ओसियां जिला जोधपुर का बताया जा रहा है।

### बंद मकान में चोरों ने लगाई सेंध

**जोधपुर**, (कासं)। बोम्बे योजना चौखा गांव में एक सूने पड़े मकान में सेंध लगाकर सामान के साथ नगदी जेवर चोरी कर लिए गए। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि कमला नेहरू नगर बी -195 में रहने वाली किरण पत्नी फूसाराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई।